प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

16वीं विधानसभा के तीसरे सत्र की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। कांग्रेस विधायक चेतन पटेल के पीपलदा में अतिवृष्टि से फसल खराबे से जुड़े सवाल पर विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की गैरमौजूदगी में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने जवाब दिया, जिस पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। विधानसभा में आज राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 को सदन के पटल पर रखा जाना प्रस्तावित है।

........................

प्रदेश के सभी स्कूलों में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर में एसएमएस स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए श्री दिलावर ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक सर्वांग योग है। इसमें सभी प्रकार के योग शामिल है। सूर्य नमस्कार करने से तन और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि सूर्य प्रकृति में ऊर्जा संचार का प्रमुख स्त्रोत है। शरीर को संपूर्ण स्वस्थ रखने के लिए सूर्य की ऊर्जा आवश्यक है। इसीलिये सूर्य नमस्कार जरूरी है। विभिन्न जिलों में भी सूर्य नमस्कार के आयोजन हुए। अजमेर में जिलास्तरीय कार्यक्रम तोपदडा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ, जहां जिला शिक्षा अधिकारी अनिल जोशी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से इसे नियमित रूप से करने की अपील की। झुंझुनूं जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में सूर्य नमस्कार किया गया। चूरू के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लियझं

........................

जयपुर कमिश्नरेट के नए पुलिस थाने जामडोली का आज उद्घाटन होगा। जामडोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानोता, जयसिंहपुरा खोर, और गलता गेट इलाकों की कुछ कॉलोनियाँ शामिल की जाएंगी। इस नए थाने के बनने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

........................

बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में "आपणों कृषि बाज़ार" का आयोजन 5 फरवरी से होगा। इसमें विश्वविद्यालय के सभी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि इसमें विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि अनुसंधान केंद्रों, राष्ट्रीय बीज परियोजना, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय और संगठक कृषि महाविद्यालयों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा।

........................

**<u>महाकुंभ से खबरें</u>** –

प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान के लिये बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। यह स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति और 29 जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है।

........................

बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में भरतपुर मे गंगा मंदिर पर महा आरती का आयोजन कर खुशहाली की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने सुबह पवित्र सरोवर में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। साथ ही मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई।

........................

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल आज सम्पन्न हो रहा है। पांच दिन के इस आयोजन में देश–विदेश के लेखक, साहित्यकार, कथाकार और कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। आज अंतिम दिन कई सत्र आयोजित किये जा रहे है। इनमें जब वी मेट इम्तियाज अली सेशन में इम्तियाज और अनुपमा चौपडा स्पीकर के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं टू सेजिस, गांधी एण्ड टॉलस्टॉय सैशन में गोपाल कृष्ण गांधी और डेनिल टॉलस्टॉय के साथ मानसी सुब्रमण्यम मुख्य वक्ता रहेंगे।

........................

चूरू जिले के तालछापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य मे वन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल संपन्न हुआ। इस फेस्टिवल में पक्षियों के संरक्षण, बचाव और भोजन उपलब्ध कराने संबंधित अनेक गतिविधिया आयोजित की गई। गौरतलब है कि इस अभ्यारण्य में करीब 200 से अधिक प्रजातियों के हजारों की संख्या में विदेशी पक्षी प्रवास पर आते है।

........................

प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर और बीकानेर संभाग के कई जिलों में मौसम में बदलाव आया है। विभिन्न जिलों में आज बादल छाये हुए है और कहीं–कहीं हल्की बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव कल तक जारी रहेगा।

........................